जवाहर नवोदय विद्यालय, सरदारशहर, जिला-चूरू (राजस्थान)

दूरभाष क्रमांक-01564-220010, वेबसाईट- https://www.navodaya.gov.in/nvs/nvs-school/ CHURU/ en/ home/

प. 3-1/निविदा/जनविसश/2021-22/426 दिनांक : 31.08.2021

निविदा सूचना

सत्र 2021-22 के लिये इस विद्यालय द्वारा निम्नलिखित सेवाओं एवं आपूर्ति हेतु अधिकृत और प्रतिष्ठित अनुभवी आपूर्तिकर्ताओं और सेवा प्रदाताओं से जिनके पास पंजीकरण, जीएसटी, लाईसेंस एवं पेन नम्बर उपलब्ध होने वाली फर्मों-मैस राशन, फल एवं सब्जी, नाश्ता एवं मिठाई सामग्री, दवाईयां, विद्युत एवं नल फिटिंग सामग्री, भवन निर्माण सामग्री, भवन मरम्मत एवं रंगाई पुताई कार्य, पंखा कूलर मरम्मत कार्य, यूनिफॉर्म सिलाई कार्य, यूनिफॉर्म धुलाई एवं प्रेस कार्य, छात्रों की हैयर कटिंग कार्य, कम्प्यूटर वार्षिक रखरखाव कार्य, विद्यालय कैन्टीन, आउट सोर्सिंग लेबर आपूर्ति, सी.सी.टी.वी. ए.एम.सी. एवं फिटिंग कार्य, संविदा पर विद्यालय वाहन हेतु मुहरबन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र विद्यालय कार्यालय से दिनांक 03.09.2021 से दिनांक 11.09.2021 प्रातः 10:00 बजे तक कार्यालय में निर्धारित शुल्क जमा करवाकर प्राप्त किये जा सकते हैं। भरी हुई मोहरबंद निविदायें दिनांक 11.09.2021 को सांयः 4:00 बजे तक निर्धारित धरोहर राशि के साथ जमा की जा सकेगी, धरोहर राशि केवल डिमांड ड्राफ्ट (प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय सरदारशहर के पक्ष में भारतीय स्टेट बैंक, सरदारशहर पर देय हो) से ही निविदा के साथ स्वीकार की जाएगी। प्राप्त निविदाओ को विद्यालय क्रय सलाहकार समिति के द्वारा प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय, सरदारशहर, जिला - चूरू के कक्ष में उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष दिनांक 13.09.2021 को प्रातः 10:00 बजे से खोला जावेगा। किसी भी निविदा एवं सशर्त निविदा को विद्यालय हित में बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार प्राचार्य के पास सुरक्षित रहेगा, जिस पर किसी भी प्रकार का वाद मान्य नहीं होगा। निविदा फार्म विद्यालय की वेबसाइट https://www.navodaya.gov.in/nvs/nvs-school/CHURU/en/home/ से भी डाउनलोड कर सकते हैं। निविदा फार्म पूर्ण रूप से भरकर शर्तो की प्रति पर भी हस्ताक्षर कर संलग्न करना आवश्यक हैं। डाउनलोड निविदा फार्म के साथ धरोहर राशि एवं निविदा के शुल्क की राशि भी सम्मिलित करना आवश्यक है जिसके आभाव में निविदा फार्म को निरस्त समझा जाएगा। निविदा संबंधी शर्ते एवं अन्य विवरण निविदा फॉर्म के साथ उपलब्ध हैं।

- प्राचार्य